मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 20/01/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-43/2026
20 जनवरी 2026
दावोस/रांची
=================
 # मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से स्वीडन-इंडिया बिज़नेस काउंसिल की मुख्य प्रतिनिधि की मुलाकात
 # झारखण्ड स्वीडन व्यापारिक साझेदारी और अर्बन मोबिलिटी पर सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा
===================
दावोस / स्विट्ज़रलैंड/रांची



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, झारखण्ड विधानसभा के महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष सह विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन एवं झारखण्ड के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वीडन-इंडिया बिज़नेस काउंसिल की चीफ इंडिया रिप्रेज़ेंटेटिव सेसिलिया ओल्डने ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर झारखण्ड और स्वीडन के बीच व्यापारिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

सेसिलिया ओल्डने ने झारखण्ड के साथ व्यापारिक साझेदारी बढ़ाने में स्वीडन-इंडिया बिज़नेस काउंसिल की ओर से पूर्ण सहयोग का प्रस्ताव रखा। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में 50 से अधिक स्वीडिश कंपनियां

भारत में सक्रिय रूप से व्यापार कर रही हैं और भविष्य में झारखण्ड इन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य बन सकता है।

बैठक के दौरान दावोस में हुई इस चर्चा तथा मुख्यमंत्री के पिछले वर्ष के स्वीडन दौरे के दौरान स्वीडिश कंपनियों जैसे वोल्वो एवं अन्य के साथ हुई वार्ताओं के निष्कर्षों और आगे के कार्यबिंदुओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी अप्रैल माह में एक विशेष राउंडटेबल बैठक के आयोजन पर भी सहमति बनी। प्रस्तावित राउंडटेबल में अर्बन मोबिलिटी, विशेष रूप से शहरी परिवहन के फाइननसिंग से जुड़े विषयों पर भी चर्चा किए जाने पर भी बात हुई।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बताया कि झारखण्ड सरकार द्वारा हर वर्ष लाखों की संख्या में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को साइकिलें उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि उन्हें शिक्षा जारी रखने में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने स्वीडन-इंडिया बिज़नेस काउंसिल से अपील किया कि राज्य में साइकिलों के उपयोग तथा विद्यालयी बच्चों के लिए ई-साइकिल की संभावनाओं पर एक फ़ीज़िबिलिटी रिपोर्ट तैयार करें, जिससे यह आंकलन किया जा सके कि किस प्रकार ई-साइकिलों को बच्चों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है।
###
==============
#TeamPRD(CMO)